# वार्षिक परीक्षा – 2024 DAVV

समय : 3:15 घण्टा ) कक्षा : 11 ( पूर्णांक : 90

## विषय : सामान्य हिन्दी

---

**नोट- सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

1. (क) हिन्दी का प्रथम उपन्यास किसे माना जाता है- 1×5=5

(अ) परीक्षा गुरु (ब) गोदान (स) तितली (द) कामायनी

(ख) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र द्वारा संपादित पत्रिका है-

(अ) धर्मयुग (ब) मर्यादा (स) कवि वचन सुधा (द) हंस

(ग) 'तार सप्तक' का का प्रकाशन कब हुआ था-

(अ) 1945 (ब) 1943 (स) 1949 (द) 1959

(घ) 'चन्द्रगुप्त' नाटक के लेखक हैं-

(अ) मुंशी प्रेमचन्द (ब) जयशंकर प्रसाद

(स) धर्मवीर भारती (द) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(ङ) 'आचरण की सभ्यता' निबन्ध के लेखक हैं-

(अ) सरदार पूर्ण सिंह (ब) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(स) रामचन्द्र शुक्ल (द) प्रेमचन्द

2. (क) खड़ी बोली का प्रथम महाकाव्य किसे माना जाता है- 1×5=5

(अ) कामायनी (ब) पद्मावत (स) पृथ्वीराज रासो (द) प्रिय प्रवास

(ख) 'विनय पत्रिका' किसकी रचना है-

(अ) तुलसीदास (ब) सूरदास (स) कबीरदास (द) बिहारी

(ग) 'चिदम्बरा' के रचनाकार कौन है-

(अ) निराला (ब) महादेवी वर्मा (स) सुमित्रानन्द पंत (द) अज्ञेय

(घ) निम्न में से कौन 'छायावादी कवि' है-

(अ) जयशंकर प्रसाद (ब) सूरदास (स) मीरा बाई (द) धर्मवीर भारती

(ङ) 'साकेत' महाकाव्य के रचनाकार है-

(अ) मैथिली शरण गुप्त (ब) हरिऔध (स) रामकुमार वर्मा (द) निराला

3. निम्नलिखित अवतरणों को पढ़कर उन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 3

(क) आचरण की सभ्यतामय भाषा सदा मौन रहती है। इस भाषा का निघण्टु शुद्ध श्वेत पत्रों वाला है इसमें नाम मात्र के लिए शब्द नहीं।

PDF Hindustanknowledge.com

यह सभ्याचरण नाद करता हुआ भी मौन है, व्याख्यान देता हुआ भी व्याख्यान के पीछे छिपा है, राग गाता हुआ भी राग के सूर के भीतर पड़ा है। मृदु वचनों के मिठास में आचरण की सभ्यता मौन रूप से खुली हुई है। नम्रता, दया, प्रेम और उदारता सब के सब सभ्याचरण की भाषा के मौन, व्याख्यान है। मनुष्य के जीवन पर मौन व्याख्यान का प्रभाव चिरस्थायी होता है और आत्मा का एक अंग हो जाता है।

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों को उत्तर दीजिए- 10

(अ) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है तथा इसके लेखक कौन है?

(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(स) आचरण कब प्रगट होता है? गद्यांश के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(द) सभ्याचरण कैसा युग है तथा इसका सामने वाले पर क्या प्रभाव पड़ता है?

(य) मनुष्य के जीवन पर मौन व्याख्यान का प्रभाव चिरस्थायी होता है। इसका आशय स्पष्ट कीजिए।

अथवा

(ख) आत्मा अजर और अमर है। उसमें अनन्त ज्ञान, शक्ति और आनन्द का भण्डार है। अकेले ज्ञात कहना भी पर्याप्त हो सकता है, क्योंकि जहाँ ज्ञान होता है वहाँ शक्ति होती है और जहाँ ज्ञान और शक्ति होते हैं, वहाँ आनन्द भी होता है, परन्तु अविधावशात् वह अपने स्वरूप को भुला हुआ है। इसी से अपने को अल्पज्ञ पाता है। अल्पज्ञता के साथ-साथ अल्पज्ञ शक्तिमत्ता आती है और इसका परिणाम दुःख होता है।

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 10

(अ) प्रस्तुत गद्यांश किस पठ से लिया गया है तथा इसके लेखक कौन हैं?

(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(स) प्रस्तुत गद्यांश के माध्यम से लेखक के विचारों पर प्रकाश डालिए।

(द) सम्पूर्ण आनन्द की कुंजी क्या है? स्पष्ट कीजिए।

(य) कैसे व्यक्ति स्वयं को जीवन पर्यन्त दुःखी रखते हैं? स्पष्ट कीजिए।



PDF Hindustanknowledge.com

4. निम्नलिखित पद्यांशों को पढ़कर उन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(क) बालधी विसाल विकराल ज्वाल जालमानौ,
लंक लीलिबे को काल रसना पसारी है।
कैधौं व्योमबीथिका भरे हैं भूरि धूमकेतु,
वीररस वीर तरवारि सी उधारी है।
तुलसी सुरेस चाप, कैधौं दामिनी कलाप
कै धौं चली मेरू ते कसानु-सरिभारी है।
देखे जातुधान जातुधानी अकुलानी कहै,
"कानन उजार्‌यौ अब नगर प्रजारी है।।"

उपर्युक्त पद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 10

(अ) प्रस्तुत पद्यांश के कवि तथा कविता के नाम बताइए।

(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(स) धूमकेतु और वीररस का उदाहरण किस सन्दर्भ में दिया गया है?

(द) बालधी विसाल विकराल ज्वाल-जाल मानों में कौन सा अलंकार है?

(य) लंकावासी व्याकुल होकर क्या कह रहे है? स्पष्ट कीजिए।

अथवा

(ख) साजि चतुरंग सैन अंग में उमंग धारि,
सरजा शिवाजी जंग जीतन चलत है।
भूषण भनत नाद विहद नगारन के,
नदी नद मद गैबरन के रलत है
ऐलफैल कैलभैल खलक में गैल गैल,
गजन की ठैलपैल सैल असलत है।
तारा सो तरनि धूरिधारा में लगत जिमि,
धारा पर पारा पारावार यों हलत है।।

उपर्युक्त पद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(अ) प्रस्तुत पद्यांश के कवि और कविता का नाम लिखिए।

(ब) प्रस्तुत पद्यांश के कवि ने किस समय का वर्णन किया है?

(स) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(द) चतुरंगिणी सेना से क्या अभिप्राय है? कौन चतुरंगिणी सेना लेकर तैयार है?

PDF Hindustanknowledge.com

(य) 'नदी नद मद गैबरन के रलत है।' पंक्ति में कौन सा अलंकार है?

5. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी कृतियों पर प्रकाश डालिए- 5

(अ) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ब) सरदार पूर्ण सिंह

(स) डॉ. सम्पूर्णानन्द (द) रामवृक्ष बेनीपुरी

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक साहित्यिक-परिचय देते हुए उनकी कृतियों पर प्रकाश डालिए- 5

(अ) सूरदास (ब) तुलसीदास (स) बिहारी (द) भूषण

6. 'आकाशदीप' अथवा 'प्रायश्चित' कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। 5

7. 'आन का मान' नाटक के आधार पर औरंगजेब का चरित्र-चित्रण संक्षेप में कीजिए। 5

अथवा

'आन का मान' नाटक के प्रमुख नारी पात्र 'सफीयतुन्निसा' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

8. निम्नलिखित गद्यांश का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए- 7

(क) राष्ट्रभाषा हिन्दी-प्रचारे संलग्नं हिन्दी साहित्य सम्मेलनम् अत्र स्थितम्। अत्रैव च अनेकसहस्रद्वयैः देशविदेश विद्यार्थिभीः परिवृतः विविध विधापारङ्गतैः विद्वद्वरेण्यैः उपभोभितः च प्रयागविश्व-विद्यालयः भारद्वाजस्य प्राचीन-गुरुकुलस्य नवीं रूपमिव शोभते। स्वतन्त्रेऽस्मिन् भारतेप्रत्येकं नागरिकाणां न्यायप्राप्तेरधिकार-घोषणमिव कुर्वन् उच्च न्यायालयः अस्य नगरस्य प्रतिष्ठां वर्द्धयति।

अथवा

अस्योपत्यकासु सुदीर्घाः वनराजयो विराजन्ते, यत्र विविधाः ओषधयो वनस्पतयस्तरवश्च तिष्ठन्ति। इमाः ओषधयः जनान् आमयेभ्यो रक्षन्ति, तरवश्च आसन्दादिगृहोपकरण निर्माणार्थ प्रयुज्यन्ते। हिमालयः वर्षतौ दक्षिण-समुद्रेभ्यः समुत्थिता मेघमालाम् अवरुध्य वर्षणाय ताः प्रवर्तयति।

(ख) वृत्तं यत्नेन संरक्षेद् विन्तमायाति याति च।
अक्षीणो वित्ततः क्षीणो वृत्ततस्तु हतो हतः।।

अथवा

सत्येन रक्ष्यते धर्मं विद्या योगेन रक्ष्यते।
मृजया रक्ष्यते रूपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते।।



PDF Hindustanknowledge.com

9. निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक का अर्थ लिखते हुए वाक्य प्रयोग कीजिए-
(क) अक्ल का दुश्मन (ख) दाँत पीसना 2
(ग) हाथ मलना (घ) उल्टी गंगा बहाना

10. (क) निम्नलिखित शब्दों के संधि-विच्छेद में से किसी एक का सही चयन कीजिए-
वाचनालयः का सन्धि-विच्छेद है- 1
(अ) वाच + नालयः (ब) वाचन + आलयः
(स) वाचना + आलय (द) वाचन + आलयः

(ख) निम्नलिखित शब्दों का विभक्ति और वचन का चयन कीजिए- 1
'नाम्ने' रूप है नामन का-
(अ) द्वितीया एकवचन (ब) चतुर्थी एकवचन
(स) षष्ठी एकवचन (द) सप्तमी एकवचन

11. (क) निम्नलिखित शब्द युग्मों का सही अर्थ चुनकर लिखिए-
कपट-कपाट- 1
(अ) धोखा और दरवाजा (ब) कब और प्लेट
(स) किवाड़ और खिड़की (द) पर्दा और किवाड़

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो अर्थ लिखिए- 1
(अ) कंचन (ब) गुरु (स) नाग

12. निम्नलिखित वाक्यांशों का सही विकल्प चुनिए-
(क) विष्णु के उपासक- 1
(अ) शाक्ति (ब) वैष्णव (स) श्रद्धेय (द) शाश्वत

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक वाक्य को शुद्ध कीजिए- 1
(अ) वहाँ अनेकों विद्वान उपस्थिति थे (ब) बकरी दूध देता है

13. (क) 'यमक' अथवा 'रूपक' लक्षण उदाहरण सहित लिखिए। 2
(ख) 'शृंगार' अथवा वीर रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2
(ग) 'दोहा' और 'सोरठा' छन्द का लक्षण उदाहरण सहित लिखिए। 2

14. अपना कुटीर उद्योग प्रारम्भ करने हेतु इलाहाबाद बैंक के प्रबन्धक को ऋण प्रदान करने हेतु एक पत्र लिखिए। 6

अथवा

अपने गाँव में बढ़ते हुए मच्छरों के प्रकोप से अवगत कराते हुए ग्राम प्रधान को पत्र लिखकर गाँव की सफाई हेतु अनुरोध कीजिए।

PDF Hindustanknowledge.com